महत्वपूर्ण एवं खास

रेत में फिसलने के कारण युवक गिरा, बुरी तरह घायल

रायगढ़। नगर निगम की लापरवाही भारी पड़ गयी बाइक सवार युवक को दुघर्टना इतना जबरदस्त था कि युवक 20 मीटरा तक रगड़ाते हुए दूर छिटक गया । मिली जानकारी के अनुसार मकान निर्माण के दौरान नये मैरीन ड्राइव रोड में सड़क पर बेतरतीब बिखरे रेत की वजह से अब से बस कुछ ही देर पहले एक दिल दहला देने वाली घटना घटित हुई है जिसमें एक अज्ञात बाइक सवार युवक की सड़क पर यत्र तत्र फैले रेत से फिसल कर बाइक अनियंत्रित होकर करीब 15 मीटर तक स्लाइड करते हुये दुर्घटना ग्रस्त हो गयी जिसमें बाइक सवार युवक बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया है जिसे तत्काल कोतवाली राइनो 112 के द्वारा मेकाहारा पहुंचाया गया है जहां अभी दुर्घटना का शिकार हुए युवक का ईलाज जारी हैं जहाँ युवक की हालत बेहद गंभीर बनी हुई हैं।

मेरा नही कोई कसूर साहबऽ.गुहार लगाकर थक चुका और फिर परिवार के साथ बैठ गया अनशन पर

रायगढ़। स्वराज स्वरोजगार के लिए गए ऋण के अनुदान राशि जमा करने में संबंधित जिम्मेदार विभाग की लापरवाही से एक परिवार लिए गए ऋण का अतिरिक्त ब्याज साढ़े 7 लाख का बोझ पिछले कुछ समय से लिए दर-दर भटकता रहा लेकिन अब वह कलेक्टर कार्यालय के सामने धरने पर बैठ गया है। मामला यह है कि स्वरोजगार के लिए जिले के लेलूंगा का रहने वाला अनिरुद्ध गुप्ता स्वरोजगार योजना से लोन प्राप्त किया था। इसके तहत हल्दी मसाला के लिए उसे 19 लाख की स्वीकृति हुई थी जिसका 25त्न राशि सब्सिडी के तहत मिलता है। सब्सिडी की राशि 2 महीने के अंदर आवेदक के खाते में टीडीआर के रूप में जमा हो जाता है लेकिन अनिरुद्ध के साथ नही हुवा। लंबी जद्दोजहद के 4 साल के बाद अनुदान की राशि दी गई लेकिन तब तक उसके हिस्से में बैंक करीब साढ़े 7 लाख का ब्याज चढ़ा चुका था।

भूतपूर्व युवाओं का अभूतपूर्व बावनपरियों का रंगरेलिया

रायगढ़। पिछले कुछ दिनों से शिकायत चला आ रहा था इसी तारतम्य में आज दोपहर कंट्रोल रूम को सूचना मिला कि चौकी क्षेत्र अंतर्गत हमालपारा में कुछ भूतपूर्व युवा घंटों पूर्व से 52 परियों के साथ रंगरेलियां कर रहे हैं।सूत्रों से मिलीं जानकारी के अनुसार हमालपारा टायर दुकान के पीछे प्रतिदिन चलने वाली जुआ पर आज दोपहर, 4100 रूपये, 5 जुआडियन महावीर अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, गिरधारी लाल अग्रवाल,गणेश राठौर, भूरवा सिदार,जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही। चौकी क्षेत्र में इन दिनों मुखबिरी का टोटा जो लगा हुआ है जिसके कारण किसी भी अपराध की जानकारी जिले को हो जाता है परंतु स्थानीय प्रशासन को जिलें से सूचना मिलनें पर कार्यवाही करते हैं।बहरहाल देखने वाली बात है कि भूतपूर्व युवाओं पर जूआ एक्ट धाराओं के अंतर्गत कार्यवाही।

भगवा रंग में रंगा शहर, गूंजे जय श्री राम के जयकारे

रायगढ़। रामनवमी को लेकर शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली निकाली जा रही है। भगवान श्रीराम की आरती के बाद भगवान श्रीराम के जयघोष व बैंडबाजों, ढोल व झांकियों के साथ शोभायात्रा नटवर स्कूल मैदान से शुरू हो गई है। जिसमें हजारों की संख्या में राम भक्त शामिल हुए हैं.. शोभायात्रा में युवा अपने हाथों में भगवा ध्वज धारण किये भगवान श्रीराम के जयकारे लगाते आगे बढ़ रहे हैं नटवर स्कूल से शुरु हुई शोभायात्रा शहर के मुख्यमार्गों से धीरे धीरे गुजर रही है जहां शहरवासी आकर्षक झांकियों व शोभायात्रा का आत्मीय स्वागत कर रहे हैं। युवा महिला व बच्चे भगवा ध्वज के साथ जय श्रीराम का उद्घोष करते हुए शोभायात्रा में सम्मिलित हो रहे हैं। इधर शोभायात्रा को सफल बनाने के लिए पुलिस बल के भी पुख्ता बंदोबस्त किये गये हैं। जगह जगह पुलिस के जवानों की ड्यूटी लगाई गई है। शहर के 30 अलग-अलग जगहों से झांकियां निकाली गई है और सभी नटवर स्कूल मैदान में एकत्रित हुए जहां से रैली निकाली गई है। शोभायात्रा में 57 समाज के सदस्य शामिल हुये हैं।

रामनवमी आयोजन समिति द्वारा विगत पांच वर्षों से रायगढ़ की पावन धरा में रामनवमी के अवसर पर आयोजित की जाने वाली श्रीराम शोभायात्रा आज रायगढ़ व छत्तीसगढ़ में ही नहीं वरन पूरे देश में अपनी भव्यता व श्रद्धालुओं की संख्या को लेकर एक अलग पहचान बना चुकी है। रायगढ़ में श्रीराम शोभायात्रा का यह छठवां वर्ष है। नटवर स्कूल से प्रारंभ हुए श्रीराम शोभायात्रा स्टेशन चौक, गांधी प्रतिमा, रामनिवास टॉकिज, गोपी टॉकीज, गौरीशंकर मंदिर चौक, सुभाष चौक, गददी चौक, पैलेस रोड, चांदनी चौक, गांजा चौक, घड़ी चौक, होते हुए रात 8 बजे रामलीला मैदान में समापन होगा जहां भव्य भण्डारा व सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया है शोभायात्रा के लिए नगर में 60 से अधिक स्वागत द्वार सभी समाजो के बनाये गये हैं वहीं 50 से अधिक जगह शोभायात्रा का स्वागत किया जाएगा। शहर के विभिन्न चौक-चौराहों से लेकर गली मोहल्लों में भगवा रंग के झंडे लगाए गये हैं। शोभा यात्रा के स्वागत के लिए चौक-चौराहों पर भव्य तोरण द्वार, बैनर लगाए गए हैं वही पूरा शहर होर्डिंग और श्रीराम के बैनर पोस्टर से पटी है।

पूरा शहर को भगवा रंग के झंडों से पटा है। नटवर स्कूल से निकली शोभायात्रा ढोल बाजे के साथ पूरे शहर में भ्रमण कर रही है, जय श्री राम के नारों से पूरा शरह गूंजायमान हो रहा है। युवाओं के द्वारा 'जय श्रीराम' के साथ 'घर-घर भगवा छाएगा, फिर रामराज आएगा' इत्यादि

खरसिया एसडीओपी की अवैध डीजल बेचने वाले पर कार्यवाही

खरसिया। पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन पर गरिमा द्विवेदी खरसिया एसडीओपी, एस आर साहू टीआई खरसिया अपने दल बल के साथ छोटे देवगांव ढाबा पहुंचे, जहाँ अवैध डीजल स्वराज माजदा वाहन में लोड करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। जिसमे 11 ड्रम 200 लीटर भरा हुआ पाया गया, वही साथ में खाली ड्रम भी पाया गया। जिसे जब्त कर आरोपी हरिश्चंद्र रायगढ़िया को गिरफ्तार कर, धारा 285 आईपीसी 37 की कार्यवाही की गई है। वही अजय पटेल के यहाँ भी छापा डाला गया था, किन्तु वहां से कुछ बरामद नही हुआ ।

तमनार में मतदाता जागरूकता रैली

रायगढ़। आदिवासी बाहुल्य जनपद पंचायत तमनार में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत गांव गली में पीली चावल भेंटकर व तिलक रोली लगाकर वृहद रैली सीईओ बीआर साहू के नेतृत्व में सैकड़ो सचिव, रोजगार सहायक व तकनिकी सहायक कर्मचारियों की उपस्थिति में निकाली गई।

रैली जनपद पंचायत कार्यालय,इंदिरानगर, बरभांठा चौक,आदर्श चौक, तहसील कार्यालय,बस स्टैंड थाना,जगन्नाथ मंदिर बस्ती होते बाजार पारा में रैली निकाली गई।साथ ही शत प्रतिशत मतदान हेतु पीली चावल भेंठ कर मतदान नेवता देते तिलक रोली लगाकर अभिवादन किया गया।जन जन की यही पुकार है - वोट देना सबका अधिकार है,सारे काम छोड़ दो -सबसे पहले वोट दो,लोकतंत्र की है पहचान- मत मतदाता और मतदान लोकतंत्र में हिस्सेदारी-हम सबकी है जिम्मेदारी गगनचुंबी स्लोगन के साथ रैली निकाली गई। पीली चावल भेंटकर तिलक रोली से अभिवादन करते रैली निकाल एक अनोखी पहल की गई तथा लोगो को मतदान करने हेतु अपील की गई। प्रत्येक मतदाता अपने मत का प्रयोग मतदान दिवस के दिन अवश्य करे। लोगो को जागरूक करते हुए बताया गया कि यदि कोई प्रत्याशी पैसा का लालच देकर आपके मत को पैसे के तराजू से तौले तो ऐसे व्यक्ति को कदापि अपना बहुमूल्य मत नहीं देने की बात बताई गई। लोगो को अपने विवेक का उपयोग करके अपना मत का प्रयोग कर एक कुशल शासन सत्ता में स्थापित करने की अपील की गई। इस मतदाता जागरूकता रैली में जनपद पंचायत तमनार के सीईओ बीआर साहू, सचिव संघ के जिलाध्यक्ष सदानंद पटनायक, पंचायत इन्स्पेक्टर नेत्रानंद पटनायक ,एडीइओ एम एल साहू, शोविंदचंद पटेल, छेदीलाल पटेल सहित

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं सीनियर एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं कार्डिनेम बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी तकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य साथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं प्रायोगिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, बच्चों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

CAREER SCHOOL

CAREER HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL

स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996

पिछले 22 वर्षों से लगातार बच्चों के साथ...

ADMISSION OPEN

ENGLISH MEDIUM For Nuresery to 10th

Topper Students Last Session

Topper Students Last Session

Join CAREER...

Major Facts

1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480